**Regarding implementation of OPS**

श्री पुष्पेंद्र सरोज **(**कौशाम्बी**) :** माननीय सभापति, मैं आज सदन के माध्यम से देश के लाखों कर्मचारियों और अर्धसैनिक बलों, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, असम राइफल्स, रेलवे कर्मचारियों, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण मांग को उठाने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

पुरानी पेंशन योजना ओपीएस लाइफटाइम फाइनेन्शियल सिक्योरिटी प्रदान करती है, जिससे सेवा के बाद वह सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकता था । लेकिन नई पेंशन योजना लागू करने से कर्मचारियों को भविष्य में कोई सुरक्षा नहीं बची है ।

मेरी सदन के माध्यम से सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन योजना ओपीएस को तुरंत बहाल किया जाए । इसमें अर्धसैनिक बलों, रेलवे, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और सभी सरकारी कर्मचारियों को शामिल किया जाए । यूपीएस को तुरंत वापस लिया जाए ।